**मुख्य बातें: अप्रैल 2023**

1. श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी तथा श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) ने नेपाल के सम्माननीय प्रधानमंत्री, श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की। एनएचपीसी प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 19 अप्रैल, 2023 को नेपाल के माननीय ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री श्री शक्ति बहादुर बासनेत, माननीय वित्त मंत्री डॉ. प्रकाश शरण महत, माननीय विदेश मंत्री श्री नारायण प्रकाश सौद, मुख्य सचिव श्री शंकर दास बैरागी और नेपाल के अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ भी काठमांडू में मुलाकात की और उन्हें एनएचपीसी द्वारा की जा रही पहल के बारे में अवगत कराने के साथ भविष्य में नेपाल में एनएचपीसी को और अधिक अवसर प्रदान किए जाने के लिए अनुरोध किया।

2. अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी महोदय ने दिनांक 19 अप्रैल 2023 को काठमांडू, नेपाल में इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईपीपीएएन), नेपाल द्वारा आयोजित पावर समिट' 23 के पूर्ण सत्र को भी संबोधित किया और समग्र आर्थिक विकास के लिए जलविद्युत की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित किए जाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

3. अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 17 अप्रैल से 18 अप्रैल, 2023 तक गुजरात का दौरा किया, व 18 अप्रैल, 2023 को गांधीनगर में गुजरात के मुख्य सचिव श्री राज कुमार से मुलाकात की और अहमदाबाद में एनएचपीसी के नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन (आरई एंड जीएच) डिवीजन की स्थापना के बारे में अवगत कराया। बैठक के दौरान, उन्होंने गुजरात में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास में एनएचपीसी की रुचि के बारे में बताया। मुख्य सचिव ने विद्युत क्षेत्र में एनएचपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और गुजरात में एनएचपीसी की उपस्थिति का स्वागत किया तथा एनएचपीसी को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

4. दिनांक 03.03.2023 और 21.04.2023 को क्रमशः यूनिट #3 और यूनिट #4 की बहाली के साथ पार्बती-II जलविद्युत परियोजना (800 मेगावाट) ने पावर हाउस के पूर्ण कमीशनिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है।

5. तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना (500 मेगावाट) में दिनांक 22.04.2023 को हेड रेस टनल में 4 किमी की संचयी शीर्ष खुदाई पूरी कर ली है। दोहरी सुरंगों में सामने आई प्रतिकूल भूगर्भीय परिस्थितियों पर काबू पाने के कार्य में प्रगति हुई है।

6. अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और श्री वाई. के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) ने जोशीमठ में आए संकट के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान के रूप में श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड को दिनांक 12 अप्रैल, 2023 को देहरादून में 2 करोड़ रुपए का चेक भेंट किया। माननीय मुख्यमंत्री ने एनएचपीसी की मानवीयता की अत्यधिक सराहना की।

7. एनएचपीसी ने दिनांक 13.04.2023 को आयोजित रोज़गार मेले की चौथी श्रृंखला के दौरान अनंतिम रूप से चयनित 397 अभ्यर्थियों (सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, वित्त, मानव संसाधन और विधि संकाय में प्रशिक्षु इंजीनियर/अधिकारी के पद के लिए) को प्रस्ताव पत्र जारी किए हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों ने वर्चुअली उस कार्यक्रम में भाग लिया जिसे भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नए भर्ती किए अभ्यर्थियों को संबोधित किया।

8. एनएचपीसी ने दिनांक 17 अप्रैल, 2023 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती मनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. (प्रो.) किरीट

प्रेमजीभाई सोलंकी, माननीय सांसद (लोक सभा) व अध्यक्ष, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी संसदीय समिति ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

9. ग्रीन हाइड्रोजन व्यवसाय में पदार्पण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनएचपीसी ने निम्मो बाजगो पावर स्टेशन (लद्दाख, संघ शासित क्षेत्र) में ग्रिड से जुड़े ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित 25 किलोवाट माइक्रोग्रिड पायलट प्रोजेक्ट को विकसित करने का कार्य मैसर्स यूनिकॉप्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को अवार्ड किया है।

10. सुश्री रितिका, एक एनएचपीसी एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप पुरस्कार विजेता ने 12 अप्रैल, 2023 को अस्ताना, कजाकिस्तान में एशियन सीनियर रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 (72 किलोग्राम वर्ग) में कांस्य पदक जीता है।

11. अरुणाचल प्रदेश सरकार ने एनएचपीसी के सहयोग से 18 अप्रैल से 25 अप्रैल, 2023 तक अरुणाचल प्रदेश के सियांग और अपर सियांग जिलों के सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना क्षेत्र के 29 ग्रामीणों के लिए तीसरी जागरूकता यात्रा का आयोजन किया। प्रतिभागियों ने परियोजनाओं के बेहतरीन इंजीनियरिंग उदाहरण और पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) पहलों को मौके पर देखने के लिए एनएचडीसी के ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (520 मेगावाट) और इंदिरा सागर पावर स्टेशन (1000 मेगावाट) और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के टिहरी हाइड्रो पावर संयंत्र (1000 मेगावाट) और कोटेश्वर जलविद्युत परियोजना (400 मेगावाट) का दौरा किया।

12. माह अप्रैल, 2023 के दौरान राजस्व संग्रह 488.33 करोड़ रुपए था।

13. माह अप्रैल, 2023 की समाप्ति पर एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 1882.6 मिलियन यूनिट है।

**मुख्य बातें: मई 2023**

1. एनएचपीसी ने पिछले वित्त वर्ष के 3538 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में एकल आधार पर 3834 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ (पीएटी) अर्जित किया है जोकि पिछले वित्त वर्ष से 8% अधिक है।
2. एनएचपीसी के निदेशक मंडल ने पहले से घोषित किए गए 1.40 रुपए प्रति इक्विटी शेयर अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 0.45 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कुल लाभांश 1.85 रुपए प्रति शेयर है।
3. माननीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने दिनांक 11 और 12 मई, 2023 को 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। इस दौरे के दौरान, माननीय मंत्री जी के साथ माननीय विधायक, लिकाबाली (अरुणाचल प्रदेश), श्री कार्दो न्यिग्योर ने दिनांक 12 मई, 2023 को सुबानसिरी लोअर एचईपी के 400 केवी पॉटहेड यार्ड का उद्घाटन किया। माननीय मंत्री जी ने परियोजना की एक समीक्षा बैठक भी की जिसमें उन्होंने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और देश के विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।
4. दिनांक 2 मई ,2023 को वड़ोदरा, गुजरात में वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी) से 40 वर्ष की अवधि के लिए 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना, 500 मेगावाट डुगर एचईपी, 500 मेगावाट तीस्ता VI एचईपी और 120 मेगावाट रंगित IV एचईपी से उत्पादित विद्युत के ऑफ-टेक के लिए गुजरात

ऊर्जा विद्युत निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एनएचपीसी, लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड (एलटीएचपीएल) और जल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल) द्वारा विद्युत क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। आपूर्ति की जाने वाली विद्युत आवंटन की मात्रा विद्युत मंत्रालय के आदेशानुसार होगी।

5. श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), श्री उदय सखाराम निर्गुडकर, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी के साथ एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने 2 मई 2023 को मुंबई में श्री दीपक कपूर (आईएएस), अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग और श्रीमती आभा शुक्ला (आईएएस), प्रधान सचिव (ऊर्जा), महाराष्ट्र सरकार से मुलाकात की। बैठक के दौरान, महाराष्ट्र में 4000 मेगावाट की कुल क्षमता वाले पंप स्टोरेज और फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजनाओं के विकास पर चर्चा की गई।
6. दिनांक 16 मई, 2023 को गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) द्वारा 200 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना के लिए एनएचपीसी को आशय पत्र जारी किया गया। यह परियोजना खावदा (जीएसईसीएल चरण-1) में गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (जीएसईसीएल) के सोलर पार्क में अवस्थित होगी।
7. एनएचपीसी की निर्माणाधीन परियोजनाओं में काफी उल्लेखनीय प्रगति हुई हैं। 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की सभी 08 हेड रेस टनल की ओबर्ट कंक्रीट लाइनिंग का कार्य दिनांक 27 मई, 2023 को पूरा हो गया है। 120 मेगावाट रंगित-IV जलविद्युत परियोजना में दिनांक 18 मई, 2023 को राइट बैंक नॉन ओवरफ्लो ब्लॉक नंबर 7 के डैम टॉप अर्थात ईएल 471 मीटर तक कंक्रीटिंग कर ली गई है। इसके अलावा, 624 मेगावाट की कीरू जलविद्युत परियोजना के ट्रांसफार्मर केवर्न की खुदाई दिनांक 12 मई ,2023 को पूरी हो गई है।
8. माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और विद्युत मंत्रालय और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में 25 मई, 2023 को देहरादून में एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण किया गया। समिति ने निरीक्षण के दौरान एनएचपीसी के राजभाषा कार्यों की प्रशंसा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।
9. सीएमडी, एनएचपीसी ने ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया है।
10. श्री प्रेम सिंह तमांग, माननीय मुख्यमंत्री सिक्किम के कर-कमलों से दिनांक 23 मई 2023 को गंगटोक में सीएसआर के तहत एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित "प्रोजेक्ट बहिनी" का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के तहत 134 विद्यालयों में सेनेटरी पैड वितरण मशीन और इंसीनरेटर लगाए जाएंगे। इससे 41000 से अधिक छात्राओं को लाभ मिलेगा।
11. डॉ. रनोज पेगू, माननीय मंत्री, असम सरकार ने दिनांक 22 मई 2023 को सीएसआर के तहत सुबनसिरी लोअर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना द्वारा प्रदान किए गए अपशिष्ट संग्रह करने वाले वाहन को धेमाजी नगर बोर्ड को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीसी धेमाजी, कार्यपालक निदेशक, सुबनसिरी लोअर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना और अध्यक्ष, नगर बोर्ड, धेमाजी भी उपस्थित थे।
12. श्री जिष्णु बरुआ, माननीय अध्यक्ष, सीईआरसी ने 12 मई 2023 को सुबनसिरी लोअर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना का दौरा किया। श्री बरुआ ने परियोजना में चल रही निर्माण गतिविधियों के लिए परियोजना टीम की सराहना की और परियोजना के शीघ्र शुरू होने की कामना की।
13. माननीय संसदीय राजभाषा समिति ने एनएचपीसी के पीआईडी, पठानकोट कार्यालय के साथ दिनांक 13 मई, 2023 को अमृतसर में निरीक्षण बैठक की।

14. श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने दिबांग बहुद्देशीय परियोजना के अपने दौरे के दौरान 8 मई 2023 को परियोजना अधिकारियों और मैसर्स एल एंड टी के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने दिबांग डाउनस्ट्रीम प्रभावित क्षेत्र समिति के साथ भी बैठक की और दिबांग परियोजना के डाउनस्ट्रीम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।
15. 5 मई से 7 मई 2023 तक बेंगलुरु में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 में एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कालर श्री नवदीप ने जेवलिन में स्वर्ण पदक और सुश्री ए. नलिनी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) ने डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता।
16. एनएचपीसी ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ दिनांक 16 मई 2023 को सीपीएसयू स्कीम के तहत सीओडी से 25 साल के लिए 400 मेगावाट सौर ऊर्जा के कुल क्षमता के लिए बिजली उपयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।
17. एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और कार्यालयों में दिनांक 16 मई से 31 मई 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2023 का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
18. माह, मई 2023 के दौरान राजस्व संग्रह 503 करोड़ रुपए रहा।
19. माह, मई 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 4611.1 मिलियन यूनिट रहा।

**मुख्य बातें: जून 2023**

1. भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी और नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 1 जून, 2023 को हैदराबाद हाउस, नई दिल्ली में नेपाल स्थित फुकोट करनाली जल विद्युत परियोजना (480 मेगावाट) के विकास के लिए एनएचपीसी और विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड, नेपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। इस समझौता ज्ञापन पर अधोहस्ताक्षरी और वीयूसीएल के प्रबंध निदेशक, श्री सूर्य प्रसाद रिजल द्वारा हस्ताक्षर किए गए।
2. महाराष्ट्र राज्य में पंप भंडारण योजनाओं और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत परियोजनाओं के विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस जी की उपस्थिति में एनएचपीसी और ऊर्जा विभाग, महाराष्ट्र राज्य सरकार के बीच दिनांक 06 जून, 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन के तहत राज्य में कुल मिलाकर 7350 मेगावाट की चार पंप स्टोरेज परियोजनाओं अर्थात कालू-1150 मेगावाट, सावित्री-2250 मेगावाट, जालोन्ड-2400 मेगावाट और केंगाडी-1550 मेगावाट तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत परियोजनाओं के विकास की परिकल्पना की गई है।
3. राज्य में पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी) और नवीकरणीय ऊर्जा विकसित करने के एनएचपीसी के प्रयास को और मजबूत करने के लिए एनएचपीसी और ग्रिडको लिमिटेड के माध्यम से ओडिशा राज्य सरकार के बीच दिनांक 23 जून, 2023 एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
4. श्री उत्तम लाल ने एनएचपीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार संभाला।
5. दिनांक 29 जून, 2023 को 2000 मेगावाट की सुबानसिरी जलविद्युत परियोजना की सभी ब्लॉकों में ईएल 210 मीटर के बांध के शीर्ष स्तर तक की कंक्रीटिंग कार्य पूरा किया गया।

6. एनएचपीसी ने दिनांक 10 से 15 जून, 2023 तक गोथेनबर्ग, स्वीडन में इंटरनेशनल कमीशन ऑन लार्ज डैम्स (आईकोल्ड 2023) की वार्षिक बैठक में भाग लिया। एनएचपीसी के प्रतिनिधिमंडल ने बांधों के प्रबंधन और सुरक्षा के संबंध में जलविद्युत विकासकर्ताओं के समक्ष आ रहे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विभिन्न पेपर प्रस्तुत किए, जिसकी प्रतिभागियों द्वारा बहुत सराहना की गई। इस कार्यक्रम में जलविद्युत विकास के क्षेत्र में एनएचपीसी की क्षमताओं को भी एक विशेष पैवेलियन में प्रदर्शित किया गया।
7. केएसईबी परियोजनाओं के डिजाइन की जांच के लिए "डिज़ाइन क्लिनिक" स्थापित करने के लिए एनएचपीसी ने अपनी परामर्शी सेवा पहल के भाग के रूप में दिनांक 16 जून, 2023 को केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
8. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्य सरकार द्वारा दिनाक 7 जून, 2023 को 525 मेगावाट X 6 घंटे की अनुमानित भंडारण क्षमता वाला एक पंप हाइड्रो स्टोरेज साइट एनएचडीसी को आवंटित किया गया है।
9. जून 2023 माह के दौरान राजस्व संग्रह 710.55 करोड़ रुपए है।
10. माह, जून 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 7786.7 मिलियन यूनिट रहा।

**मुख्य बातें: जुलाई 2023**

1. 21 जुलाई, 2023 को अरुणाचल प्रदेश सरकार ने दो मेगा परियोजनाओं अर्थात 2000 मेगावाट की सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना और 1800 मेगावाट की कमला जलविद्युत परियोजना एनएचपीसी को आवंटित किए जाने के लिए मंजूरी प्रदान की है।
2. रंगित- IV जल विद्युत परियोजना (120 मेगावाट) में, डैम टॉप अर्थात ओवरफ्लो ब्लॉक नं. 5 का ईएल 471 मीटर तक कंक्रीटिंग 6 जुलाई, 2023 को पूरी कर ली गई है।
3. तीस्ता- VI परियोजना (500 मेगावाट) में 22 जुलाई 2023 को एचआरटी हेडिंग उत्खनन में 5 किलोमीटर की संचयी प्रगति प्राप्त की गयी है।
4. पकल दुल जलविद्युत परियोजना (1000 मेगावाट) में, एचआरटी-1 के निर्माण के लिए टनल बोरिंग मशीन-1 को लगाए जाने का कार्य दिनांक 25 जुलाई, 2023 को सफलतापूर्वक किया गया।
5. एनएचपीसी ने 26 जुलाई, 2023 को हिमाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) में 3 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।
6. एनएचपीसी ने हिमाचल प्रदेश में स्थित डुगर जल विद्युत परियोजना (500 मेगावाट) से सम्बद्ध स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एलएडीएफ) की 14.95 करोड़ रुपए की पहली किस्त हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार को जारी की है। इस निधि से हिमाचल प्रदेश की दुर्गम, पांगी तहसील में विकास संबंधी कार्य करने में बहुत अधिक सहायता मिलेगी।
7. श्री जगदंबिका पाल, माननीय अध्यक्ष, ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता में समिति ने 5 जुलाई, 2023 को सुबनसिरी लोअर परियोजना (2000 मेगावाट) का दौरा किया और चल रही निर्माण गतिविधियों की प्रगति का जायजा लिया। समिति ने 7 जुलाई, 2023 को शिलांग (मेघालय) का भी दौरा किया और "विद्युत संशोधन विधेयक 2022" और अन्य संबंधित मुद्दों के संबंध में विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों व श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) के नेतृत्व में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की । समिति ने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की बहुत सराहना की।

8. श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने 19 जुलाई 2023 को श्रीमती ममता वर्मा, आईएएस, प्रधान सचिव, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, गुजरात सरकार से गांधीनगर (गुजरात) में मुलाकात की। श्री बासु ने प्रधान सचिव को गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर एनएचपीसी के प्रयासों के बारे में अवगत कराया।
9. एनएचपीसी सीएसआर योजना के अंतर्गत राजस्थान के जोधपुर और नागौर जिले में स्थित सरकारी स्कूलों में ग्रामीण ज्ञान ज्योति केंद्र स्थापित करने के लिए एनएचपीसी और यूनिवर्सल हेल्थ फाउंडेशन के बीच 3 जुलाई 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
10. 21 से 23 जुलाई, 2023 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में एनएनएस मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित 'गवर्नमेंट एचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो -2023' के दौरान एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।
11. एनएचपीसी और यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के बीच 27 जुलाई 2023 को गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश की छोटी और बड़ी परिक्रमा में 1.5 करोड़ रुपये की लागत से 3 साल के लिए टीटीएसपी वाटर बूथ, वॉटर लाइन और ट्यूबवेल के ओ एंड एम के लिए सीएसआर सहायता प्रदान करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
12. जुलाई 2023 माह के दौरान राजस्व संग्रह रु. 1063.70 करोड़ और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जुलाई 2023 तक संचयी राजस्व संग्रह 2786.82 करोड़ रुपये था।
13. माह जुलाई 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 10967 मिलियन यूनिट रहा।

**मुख्य बातें: अगस्त, 2023**

1. एनएचपीसी द्वारा श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय, विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री पेमा खांडू, माननीय मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, श्री चौना मीन, माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में 2000 मेगावाट सुबनसिरी अपर परियोजना तथा 1800 मेगावाट कमला जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए 12 अगस्त, 2023 को ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाना एनएचपीसी के लिए गौरव का क्षण था। इस अवसर पर मेरे साथ श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) एनएचपीसी एवं एनएचपीसी और ऊर्जा विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।
2. एनएचपीसी के बोर्ड द्वारा 11 अगस्त, 2023 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के परिणामों को अनुमोदित किया गया है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 1050 करोड़ रुपए (कर पश्चात लाभ) के तुलना में इस वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 1053 करोड़ रुपए (कर पश्चात लाभ) अर्जित किया है जोकि पहली तिमाही का अब तक का सर्वाधिक एकल लाभ है।
3. दिनांक 19 अगस्त, 2023 को श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा सीएसआर के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा सेमरिया ओझा पट्टी गांव, शाहपुर (बिहार) में किए गए 'छठ-घाट के सौंदर्यीकरण' कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने छठ घाट के अतिरिक्त कार्यों को पूरा करने के लिए आधारशिला भी रखी।
4. दिनांक 29 अगस्त, 2023 को जम्मू व कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा के साथ मेरी बैठक हुई। इस बैठक में माननीय उपराज्यपाल ने जम्मू व कश्मीर में जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए

एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रसंशा की। उन्होंने भावी परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन के साथ-साथ नई जलविद्युत परियोजनाओं की खोज और दोहन के संबंध में जम्मू व कश्मीर, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय अधिकारियों की ओर से सभी समर्थन देने का आश्वासन दिया।

5. एनएचपीसी ने आंध्र प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 23 अगस्त, 2023 को आंध्र प्रदेश में संयुक्त उद्यम माध्यम के अंतर्गत पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आंध्र प्रदेश पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन (एपीजेनको) लिमिटेड (आंध्र प्रदेश सरकार का उपक्रम) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन में पहले चरण में दो चिन्हित पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजनाओं नामत: कमलापाडु- 950 मेगावाट और यागंती- 1000 मेगावाट पीएसपी के कार्यान्वयन की परिकल्पना की गई है।
6. दिनांक 17 अगस्त, 2023 को नई दिल्ली में एनएचपीसी को श्री आर.के.सिंह, माननीय केंद्रीय,विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा एनटीपीसी राजभाषा शील्ड पुरस्कार योजना के अंतर्गत राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एनएचपीसी की ओर से श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) एनएचपीसी ने श्री आर.के.सिंह, माननीय केंद्रीय,विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से यह दोनों पुरस्कार प्राप्त किए।
7. रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन ने दिनांक 8 अगस्त, 2023 को वड़ोदरा, गुजरात में अपनी 850 मेगावाट की रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर से विद्युत निकासी (ऑफटेक) के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ विद्युत क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए।
8. एनएचपीसी ने दिनांक 21 अगस्त, 2023 को आरआईटीईएस लिमिटेड के साथ एनएचपीसी की दिबांग बहुद्देशीय परियोजना हेतु पासीघाट, (अरुणाचल प्रदेश) में रेलवे साइडिंग के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
9. सीएसआर के अंतर्गत उत्तर और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थित एनएचपीसी परियोजनाओं के आसपास के लगभग 1000 दिव्यांगजनों को सहायता और सहायक उपकरण वितरित करने के लिए एनएचपीसी और एलिम्को के बीच दिनांक 1 अगस्त, 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
10. श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी और प्रो. (डॉ.) रश्मि शर्मा रावल, प्रो. (डॉ.) अमित कंसल और डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकों ने दिनांक 12 अगस्त, 2023 को 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और निर्माण गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा और जायजा भी लिया।
11. डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर और प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकों ने दिनांक 16 अगस्त, 2023 को सिरकी नाला तक दिबांग नदी के दाएं तट के निर्माण स्थल का दौरा किया और 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण और बुनियादी ढांचे की तैयारियों की समीक्षा की।
12. 50 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना, तमिलनाडु में पदस्थ, सुश्री ए. नलिनी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) ने जर्मनी के कोलोन में 8वें वर्ल्ड ड्वार्फ गेम्स में डिस्कस थ्रो, शॉटपुट और बैडमिंटन की स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते।
13. सलाल पावर स्टेशन (जम्मू व कश्मीर) में पदस्थ, श्री मनीष कुमार, प्रबंधक (सिविल) ने 21 वीं उत्तराखंड राज्य स्तरीय शूटिंग चैम्पियनशिप 2023 में भाग लिया और .22 राइफल (50 मीटर) व्यक्तिगत स्पर्धा और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते।
14. माह अगस्त, 2023 के दौरान राजस्व संग्रह 1281.50 करोड़ रुपए रहा।

15. माह अगस्त, 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 14322 मिलियन यूनिट रहा।

**मुख्य बातें: सितंबर 2023**

1. श्री राज कुमार चौधरी ने एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी) का कार्यभार संभाला।

2. पार्बती-II जलविद्युत परियोजना में, टीबीएम हिस्से से एचआरटी की खुदाई का कार्य दिनांक 27.09.2023 को पूरा किया गया।

3. एनएचपीसी के पार्बती-III पावर स्टेशन ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में प्राकृतिक आपदा के कारण नष्ट हुए ब्रिज के स्थान पर नया बेली ब्रिज बनाने के लिए 2.68 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्थानीय प्रशासन को प्रदान किया।

4. एनएचपीसी ने डीपीई, भारत सरकार द्वारा 25 से 26 सितंबर 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित 'आकांक्षी जिलों पर विशेष फोकस के साथ सीएसआर और प्रदर्शनी 2023 के अवसर पर सीपीएसई गोलमेज सम्मेलन' में भाग लिया।

5. श्री संतोष कुमार, आईएफएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी की पहल पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 की प्रस्तावना के रूप में सितंबर 2023 के दौरान विभिन्न सतर्कता निवारक जागरूकता उपाय किए गए हैं। इनमें तकनीकी मामले "सार्वजनिक खरीद" पर व्याख्यान सत्र और 'बिजली क्षेत्र में नवीन प्रणालीगत सुधार उपायों सहित सतर्कता प्रशासन में सर्वोत्तम कार्यप्रणाली' विषय पर विचार-मंथन सत्र शामिल था।

6. सितम्बर 2023 माह के दौरान राजस्व संग्रह 1151.83 करोड़ रुपये रहा।

7. सितंबर 2023 की समाप्ति पर सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 16797.4 एमयू रहा।

8. दिनांक 21 सितंबर 2023 को डॉ. अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी और कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने श्री हरभजन सिंह, माननीय विद्युत मंत्री, पंजाब, श्री तेजवीर सिंह, प्रधान सचिव, पंजाब, सीएमडी, पीएसपीसीएल और निदेशक (उत्पादन) पीएसपीसीएल से मुलाकात की और एनएचपीसी द्वारा पंजाब में विद्युत परियोजनाओं के विकास के बारे में चर्चा की।
9. एनएचपीसी पीएससीबी के तत्वाधान में आयोजित ब्रिज टूर्नामेंट में कुल 8 पुरस्कारों में से 4 पुरस्कार जीतकर दूसरे स्थान पर रही।
10. सुश्री बृष्टि मुखर्जी, एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर ने जमशेदपुर में आयोजित एशियन जूनियर गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में क्लासिकल इवेंट में रजत पदक और ब्लिट्ज इवेंट में कांस्य पदक जीता।

**मुख्य बातें: अक्तूबर 2023**

1. सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग ने दिनांक 09 अक्टूबर, 2023 को तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के बांध स्थल का दौरा किया और इस संकट की घड़ी में एनएचपीसी द्वारा किए गए बाढ़ राहत संबंधी प्रयासों की सराहना की। सिक्किम में आए विनाशकारी बाढ़ के पीड़ितों के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले राहत उपायों के लिए एनएचपीसी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 3 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री को गंगटोक में दिनांक 10 अक्टूबर, 2023 को भुगतान राशि का चेक सौंपा गया। इसके

अलावा, बाढ़ पीड़ितों के दु:ख को कम करने के लिए, एनएचपीसी राज्य प्रशासन के साथ समन्वय में लंगर, राशन और अन्य आपूर्ति वितरित कर रही है।

2. 800 मेगावाट की पार्बती- II जलविद्युत परियोजना की 31.5 कि.मी. लंबी हेड रेस टनल की डे-लाइटिंग हासिल की गई।

3. सीओडी से 40 वर्ष की अवधि के लिए 330 मेगावाट किशनगंगा (पीपीए नवीनीकरण), 1000 मेगावाट पकल दुल, 540 मेगावाट क्वार और 850 मेगावाट रतले जलविद्युत परियोजना से उत्पदित विद्युत की खरीद के लिए जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेकेपीसीएल) के साथ 14 अक्टूबर, 2023 को विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए।

4. श्रीमती वत्सला वासुदेवा, आईएएस व एमडी, जीआईपीसीएल की उपस्थिति में गुजरात में आरई परियोजनाएं स्थापित करने के लिए एनएचपीसी और गुजरात इंडस्ट्रीज एंड पावर कंपनी लिमिटेड के बीच दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को वडोदरा में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

5. अक्टूबर, 2023 के दौरान एनएचपीसी का राजस्व संग्रह 890.02 करोड़ रुपये रहा। अक्टूबर 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 18113.1 मिलियन यूनिट था।

6. एनएचपीसी को नई दिल्ली में "पीएसयू एंड गवर्नमेंट समिट" के 15वें संस्करण के दौरान डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू अवाड्‌र्स '23 के पावर जनरेशन- रिन्यूएबल्स (सीपीएसयू) श्रेणी में 'विजेता' के रूप में सम्मानित किया गया।

7. राजभाषा संबंधी संसदीय समिति द्वारा दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को धर्मशाला में चमेरा-I पावर स्टेशन, पार्बती-II परियोजना और क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के राजभाषा संबंधी कार्यों की निरीक्षण बैठक की गयी।

8. पार्बती-II जलविद्युत परियोजना द्वारा सीएसआर के अंतर्गत कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) जिले के 13 सरकारी स्कूलों में 5 किलोवाट ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए हिमऊर्जा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

9. डब्ल्यूटीटी (विश्व टेबल टेनिस) यूथ कंटेंडर एएल एआईएन 2023, यूएई (4 से 7 अक्टूबर 2023) में एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कॉलर्स, मास्टर अथर्व ने 2 स्वर्ण पदक (अंडर 15 बॉयज सिंगल्स और अंडर 15 मिक्स्ड डबल्स) और मिस रिद्धिमा ने 2 कांस्य पदक (अंडर 17 गर्ल्स सिंगल्स और अंडर 19 मिक्स्ड डबल्स) जीते।

**मुख्य विशेषताएं– नवम्बर 2022**

1. निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जी तथा सचिव (विद्युत), विशेष सचिव, अपर सचिवों, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई।

2. माननीय मंत्री जी ने आर्थिक विकास और समाज में सर्वांगीण विकास लाने में जलविद्युत परियोजनाओं की भूमिका को स्वीकार किया। माननीय मंत्री जी ने सभी एनएचपीसी कर्मियों को तेजी से कार्य और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि एनएचपीसी अगले कुछ वर्षों में अपनी वर्तमान क्षमता को तीन गुना करने की योजना बना रही है।

3. श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने भी जलविद्युत के विकास में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और इस बात का भी उल्लेख किया कि एनएचपीसी भारत के विद्युत क्षेत्र और राष्ट्र निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।
4. एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के दौरान माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने एनएचपीसी के सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण क्लबों का भी शुभारंभ किया। क्लब का उद्देश्य देश भर के विभिन्न स्कूलों में लगभग दस हजार सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण क्लबों की स्थापना करके अगली पीढ़ी को स्वस्थ जीवन के बारे में शिक्षित करना है।
5. वित्त वर्ष 2022-23 में, एनएचपीसी ने अब तक का सर्वाधिक कर पश्चात छमाही एकल लाभ 2483 करोड़ रुपए दर्ज किया है जबकि पिछली छमाही में यह 2217 करोड़ रुपए था।
6. सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (2000 मेगावाट) के इंटेक स्ट्रक्चर नंबर 5 और इंटेक स्ट्रक्चर नंबर 7 के सिविल कार्य क्रमशः 21 नवंबर, 2022 और 24 नवंबर, 2022 को पूरे किए गए है।
7. रंगित-IV जलविद्युत परियोजना (120 मेगावाट) ने चुनौतियों/ प्रतिकूल भूवैज्ञानिक परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद 18 नवंबर, 2022 को 695 मीटर एचआरटी उत्खनन किया है और शेष उत्खनन अब 2 किलोमीटर से कम है। परियोजना के स्टील लाइन्ड सर्ज शाफ्ट की बैकफिल कंक्रीटिंग भी 18 नवंबर, 2022 को शुरू कर दी गई है। परियोजना के ब्लॉक 5 (स्पिलवे बे 3) के ट्रूनियन बीम की कंक्रीटिंग भी 16 नवंबर, 2022 को शुरू कर दी गई है।
8. तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना (500 मेगावाट) में माह के दौरान जेनरेटर बैरल में स्टेटर और रोटर (325टी) को क्रमशः 12 और 18 नवंबर, 2022 को सफलतापूर्वक उतारने के साथ यूनिट-1 की महत्वपूर्ण ई एंड एम गतिविधियों को पूरा किया गया है।
9. नेपाल में अपनी विकासात्मक पहल की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, एनएचपीसी ने वेस्ट सेती हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (750 मेगावाट) के लिए सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्य शुरू कर दिया है। एनएचपीसी के अधिकारियों की एक टीम ने परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए आवश्यक विभिन्न विकल्पों और अन्य अन्वेषण को अंतिम रूप देने के लिए साइट का दौरा किया।
10. एनएचपीसी ने श्री जे.डी. वर्मा, त्रिपुरा के माननीय उपमुख्यमंत्री व अध्यक्ष, एनईआरपीसी एवं श्री. पी. त्यनसोंग, माननीय उपमुख्यमंत्री, मेघालय की गरिमामयी उपस्थिति में, 18 और 19 नवंबर, 2022 को गोवा में उत्तर पूर्वी क्षेत्र की 23वीं टीसीसी और एनईआरपीसी बैठक की सफलतापूर्वक मेजबानी की।

11. सीएमडी एनएचपीसी ने 14 नवंबर, 2022 को भुवनेश्वर में श्री सुरेश चंद्र महापात्रा, मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार, श्री निकुंज बिहारी ढाल, मुख्य सचिव-ऊर्जा, ओडिशा सरकार और श्री बिष्णुपदा सेठी, सीएमडी-जीईडीसीओएल व अध्यक्ष (ओएचपीसी) से मुलाकात की। बैठकों के दौरान, राज्य में एनएचपीसी द्वारा पंप स्टोरेज परियोजनाओं और फ्लोटिंग सौर संयंत्रों के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की गई।
12. एनएचपीसी ने जलविद्युत, जल संसाधन, भूविज्ञान, भूकंप, नवीकरणीय ऊर्जा आदि सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं के विकास के लिए 25 नवंबर, 2022 को आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
13. एनएचपीसी ने 16 खेलों अर्थात फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, निशानेबाजी, क्रिकेट, तैराकी, कुश्ती, वॉलीबॉल, ब्रिज, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन और पैरा स्पोर्ट्स के लिए 'होनहार खिलाड़ियों के लिए एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप स्कीम' शुरू की है। इस स्कॉलरशिप को देने का उद्देश्य 14

से 19 वर्ष (पैरा खेलों के लिए 14 से 24 वर्ष) के बीच के होनहार युवा खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों के दौरान खिलाड़ियों का प्रतिभा-पूल बनाने का है।

14. सुश्री ममता ए. मट्टा, निदेशक, डीजीए (ऊर्जा) कार्यालय, नई दिल्ली ने वरिष्ठ सीएजी अधिकारियों के साथ 17 नवंबर, 2022 को निगम मुख्यालय का दौरा किया। टीम ने मास्टर कंट्रोल रूम और अनुभव केंद्र का दौरा किया और उन्हें एनएचपीसी की गतिविधियों से अवगत कराया गया।
15. एनएचपीसी को एक सुदृढ़ डिजिटल इंडिया और वाइब्रन्ट डेटा सेंटर ईकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना के लिए एक्सप्रेस कंप्यूटर (इंडियन एक्सप्रेस समूह का आईटी व्यवसाय प्रकाशन) द्वारा 'डेटा सेंटर चैंपियन-2022' से सम्मानित किया गया है।
16. एनएचपीसी ने नई दिल्ली में भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। विद्युत मंत्रालय के पवेलियन में एनएचपीसी की क्षमताओं और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। इस पवेलियन का उद्घाटन श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार द्वारा किया गया।
17. एनएचपीसी ने 31 अक्टूबर, 2022 से 6 नवंबर, 2022 तक अपने सभी कार्य स्थालों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया, जिसमें निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
18. भारत के संविधान को स्वीकार करने का स्मरण करते हुए, एनएचपीसी ने 26 नवंबर, 2022 को अपने सभी कार्य स्थलों में 'संविधान दिवस' मनाया।
19. नवंबर, 2022 माह के दौरान राजस्व संग्रह 797.23 करोड़ रुपए और नवंबर, 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 5882.17 करोड़ रुपए रहा।
20. नवंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 21267.8 मिलियन यूनिट रहा।

**मुख्य विशेषताएं– दिसंबर2022**

**1-** 22 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित प्रकाशमय '15 वें इनर्शिया अवार्ड 2022' में एनएचपीसी को 'भारत की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक प्रतिस्पर्धी विद्युत कंपनी - जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विकास क्षेत्र' के विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है।

**2-** एनएचपीसी ने 18 दिसंबर, 2022 को काठमांडू, नेपाल में साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स अवार्ड 2021 में वित्त वर्ष 20-21 (इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर श्रेणी) के लिए सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए स्वर्ण पदक जीता है।

**3-** श्री संतोष कुमार, भारतीय वन सेवा (आईएफएस) ने एनएचपीसी में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। एनएचपीसी परिवार उनका स्वागत करता तथा आशा करता है कि कंपनी को उनके समृद्ध और विविध अनुभव का बहुत लाभ मिलेगा।

**4-** सुबनसिरी लोअर एचईपी (2000 मेगावाट) में, सर्ज टनल-7 की हेडिंग खुदाई 24 दिसंबर, 2022 को पूरी की गई और इसके साथ कुल 8 सर्ज टनल में से 7 की हेडिंग खुदाई अब पूरी हो चुकी है।

**5-** कीरू जलविद्युत परियोजना (624 मेगावाट) में बांध कंक्रीटिंग 16 दिसंबर, 2022 को शुरू हो गई है। रंगित- IV एचईपी (120 मेगावाट) में, 12 दिसंबर, 2022 को वर्टिकल प्रेशर शाफ्ट की डे-लाइटिंग हासिल की गई।

6- एनएचपीसी ने 10 दिसंबर 2022 को शेष 54.40 मेगावाट के संचालन के साथ ही एनएचपीसी द्वारा 'मध्यस्थ खरीदार के रूप में' नोखरा, बीकानेर (राजस्थान) में स्थित 320 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना को पूर्ण रूप से संचालित कर दिया है।

7- सीएमडी एनएचपीसी 16 दिसंबर, 2022 को स्कोप कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में 'हार्नेसिंग ऑफ़ हाइड्रोपावर पोटेंशियल (लहर इनिशिएटिव) - अ वे फॉरवर्ड' कॉन्क्लेव को संबोधित किया जहाँ उन्होने जलविद्युत विकास के लाभों और इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

8- श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने 19 दिसंबर, 2022 को श्रीमती पम्फा भुसाल, माननीय ऊर्जा मंत्री, जल संसाधन और सिंचाई, नेपाल सरकार से मुलाकात की और नेपाल में एनएचपीसी की पहल के बारे में उन्हें अवगत कराया तथा आगे के लिए उनका समर्थन और मार्गदर्शन मांगा।

9- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू द्वारा 1 दिसंबर, 2022 को आयोजित 8वें नेशनल कोन्फ्रेंस-सह-प्रदर्शनी के दौरान केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले एनएचपीसी पेविलियन का दौरा किया।

10- श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2022 तक भुवनेश्वर में आयोजित "मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 22" में एनएचपीसी स्टॉल का उद्घाटन किया और एनएचपीसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

11- एनएचपीसी ने 6 दिसंबर, 2022 को अपने सभी कार्यस्थलों पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को उनके 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निगम मुख्यालय में एनएचपीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा एक विशेष समारोह आयोजित किया गया।

12- एनएचपीसी ने 8 से 9 दिसंबर, 2022 तक हरियाणा राज्य खेल परिसर, फरीदाबाद में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, सीईए, बीबीएमबी, डीवीसी, एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी सहित विभिन्न पावर सीपीएसयू/संगठनों की कुल सात टीमों ने भाग लिया।

13- एनएचपीसी ने 5 दिसंबर, 2022 को अपने विभिन्न कार्यस्थलों पर "समावेशी विकास के लिए परिवर्तनकारी समाधान: एक सुलभ और न्यायसंगत दुनिया को बढ़ावा देने में नवाचार की भूमिका" विषय के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' मनाया।

14- एनएचपीसी के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए फरीदाबाद में एनएचपीसी राजभाषा संगोष्ठी/सम्मेलन (19-20 दिसंबर 2022) का आयोजन किया गया ।

15- 'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, एनएचपीसी चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा 21 दिसंबर 2022 को निगम मुख्यालय में वेंकटेश्वर अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

16- माह दिसंबर, 2022 के दौरान राजस्व संग्रह 609.51 करोड़ रुपए रहा तथा दिसंबर 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 6494 करोड़ रुपए रहा।

17- माह दिसंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 22015 मिलियन यूनिट रहा।

**मुख्य बातें: जनवरी 2024**

1. 540 मेगावाट के क्वार जलविद्युत परियोजना के बांध के निर्माण कार्यों को शुरू करने के लिए चिनाब नदी का डायवर्जन दिनांक 15 जनवरी 2024 को सफलतापूर्वक किया गया। इसके अतिरिक्त 800 मेगावाट के रतले जलविद्युत परियोजना के बांध कार्यों को शुरू करने के लिए चिनाब नदी का डायवर्जन दिनांक 27 जनवरी 2024 को सफलतापूर्वक किया गया।
2. दिनांक 17 जनवरी 2024 को 120 मेगावाट रंगित-IV जलविद्युत परियोजना में बे संख्या-4 में एक स्पिलवे रेडियल गेट का उत्थापन पूरा किया गया और इसका परीक्षण ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इसके अतिरिक्त श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) की उपस्थिति में दिनांक 20 जनवरी 2024 को एसएफटी आउटलेट के लिए इनआगरल ब्लास्ट और बाएं किनारे पर शेष दो ब्लॉकों व बांध के एचएम कार्यों को पूरा करने के लिए नदी डायवर्जन के दूसरे चरण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया।
3. 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर परियोजना के स्पिलवे रेडियल गेट नंबर एस#9 को दिनांक 6 जनवरी 2024 को सफलतापूर्वक लिफ्ट किया गया।
4. दिनांक 03 जनवरी 2024 को कुप्पा पंप्ड स्टोरेज परियोजना (750 मेगावाट) के विकास के लिए 4,000 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश हेतु एनएचपीसी और गुजरात पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच छोटा उदयपुर, गुजरात में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
5. 850 मेगावाट रतले जलविद्युत परियोजना (जम्मू व कश्मीर) से उत्पादित होने वाली विद्युत के ऑफटेक के लिए दिनांक 03 जनवरी 2024 को आरएचपीसीएल (एनएचपीसी और जेकेएसपीडीसी का संयुक्त उद्यम) और राजस्थान ऊर्जा विकास व आईटी सर्विसेज लिमिटेड के बीच विद्युत क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
6. दिनांक 15 जनवरी 2024 को सीएमडी, एनएचपीसी द्वारा नए 'एनएचपीसी इंट्रानेट पोर्टल' और 'मरीज़ों के लिए मोबाइल ऐप' का उद्घाटन किया गया। इस प्रणाली और एप्लिकेशन्स में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए इसे उपयोगकर्ता के लिए अनुकूल बनाया गया है।
7. दिनांक 18 जनवरी 2024 को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी ने अपने करकमलों से 'आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन' की श्रेणी में एनएचपीसी को स्कोप्स का 'प्रशस्ति प्रमाणपत्र' प्रदान किया।
8. एनएचपीसी ने श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी की उपस्थिति में कोवलम, केरल में ग्राहक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक के दौरान राज्य/ वितरण कंपनियों को एनएचपीसी की गतिविधियों और पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के अंतर्गत आगामी परियोजनाओं की स्थिति और प्रयासों से अवगत कराया गया।
9. चेशायर होम इंडिया की दिल्ली यूनिट के दिव्यांगजनों को चिकित्सा देखभाल और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए एनएचपीसी और चेशायर होम इंडिया की दिल्ली यूनिट के बीच दिनांक 17 जनवरी 2024 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
10. एनएचपीसी ने वाइब्रेंट गुजरात ट्रेड शो 2024 में भाग लिया। इस शो में जलविद्युत क्षेत्र में कंपनी की क्षमताओं और पवन, सौर व पीएसपी में प्रवेश को एक विशेष 'ऊर्जा मंडप' में प्रदर्शित किया गया, जिससे कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों का ध्यान इसकी ओर आकर्षित हुआ।
11. एनएचपीसी ने पीएससीबी के तत्वावधान में कोलकाता में डीवीसी द्वारा आयोजित इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एनएचपीसी ने महिला एकल, महिला युगल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक, पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक और पुरुष एकल और महिला एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीते।

12. एनएचपीसी ने दिनांक 8 जनवरी 2024 को काठमांडू, नेपाल में आयोजित आईसीसी बिम्सटेक एनर्जी फोरम में भाग लिया।

13. श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) और कार्यपालक निदेशक (ईएमएस) के साथ एनएचपीसी प्रशिक्षु अभियन्ताओं के दूसरे बैच के साथ संवाद किया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) ने प्रशिक्षु अभियन्ताओं को कड़ी मेहनत करने और एनएचपीसी के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

14. माह जनवरी 2024 के दौरान राजस्व संग्रह 592.31 करोड़ रुपए रहा। माह जनवरी 2024 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 19895.8 एमयू था।

**मुख्य बातें: फरवरी 2024**

1. श्री आर पी गोयल ने एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला।

2. एनएचपीसी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 1732 करोड़ रुपये से अधिक के कुल निवेश के साथ भारत सरकार की सीपीएसयू योजना के अंतर्गत, चरण- II, ट्रैन्च - III, करणीसर-भाटियान, तहसील पूगल (बीकानेर), राजस्थान में स्थित 300 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र के शिलान्यास समारोह संपन्न होने के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

3. 120 मेगावाट रंगित-IV जलविद्युत परियोजना (सिक्किम) में यूनिट-1 के रोटर को सफलतापूर्वक उतारा गया और नीमबा, फतेहगढ़, राजस्थान में 380 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की शुरूआत की गई।

4. एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में 'ज्ञानांकन - द बिजनेस क्विज़' का सफल आयोजन किया गया।

5. फरवरी, 2024 के दौरान राजस्व संग्रह 538.03 करोड़ रुपए रहा है। फरवरी, 2024 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 20474.3 मिलियन यूनिट था।

6. 16 फरवरी, 2024 को श्रम, वस्त्र और कौशल विकास संबंधी माननीय स्थायी संसदीय समिति द्वारा सिलीगुड़ी में संविदा श्रमिकों के लिए एनएचपीसी में श्रम कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई।

7. 01 से 03 फरवरी, 2024 को पुरी, ओडिशा में राजभाषा सम्मेलन/संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

8. एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कॉलर श्री एस. दक्षन ने दिनांक 2 फरवरी, 2024 को चेन्नई, तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दौरान तैराकी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।

9. डॉ. पिंकी कुमारी रॉय, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पार्बती-II परियोजना ने 23 फरवरी, 2024 को योनेक्स सनराइज हिमाचल प्रदेश मास्टर्स स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-'24 में "महिला युगल स्पर्धा में स्वर्ण" और "महिला एकल स्पर्धा में रजत" पदक जीता।

10. श्री आशीष कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), निगम मुख्यालय ने पुणे, महाराष्ट्र में दिनांक 13 से 17 फरवरी, 2024 के दौरान आयोजित 44वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में पोल वॉल्ट और 4×400 मीटर रिले में रजत पदक और 400 मीटर बाधा दौड़ और 4 x 100 मीटर रिले में कांस्य पदक हासिल किया।

11. युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री श्री उदयनिधि स्टालिन ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर सुश्री ए. नलिनी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) को सम्मानित किया।

12. दिनांक 21-23 फरवरी, 2024 को हरिद्वार, उत्तराखंड में आयोजित विकसित भारत संकल्प 2024 मेगा प्रदर्शनी में एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।